भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 945#

मंगलवार, 27 जुलाई, 2021/05 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

छत्तीसगढ़ में सरगुजा संभाग में पर्यटन

945#. श्री राम विचार नेताम:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में पर्यटन के विकास और संवर्धन हेतु कार्यान्वित की गयी/की जा रहा योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरगुजा संभाग में पर्यटन के विकास और संवर्धन हेतु कितने स्थलों को चिह्नित किया गया और इन स्थलों में कार्यान्वित की जा रही योजनाओं हेतु आबंटित/खर्च की गई/शेष धनराशी का वर्ष-वार ब्यौरा क्या और विगत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान कौन कौन से कार्य शुरू किए गए है; और

(ग) क्या सरकार को स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत निधियों की स्वीकृति हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन गंतव्यों की पहचान विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' तथा 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' नामक योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों आदि को वित्तीय सहायता देता है। इन योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है तथा निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन तथा पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता आदि की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत 96.10 करोड़ रु. की कुल संशोधित स्वीकृत राशि और निर्मुक्त राशि 80.44 करोड़ रु. से वर्ष 2016-17 में "जशपुर कुनकुरी- मैनपट- अंबिकापुर- महेशपुर- रतनपुर- कुर्दर - सरोदादादर- गंगरेल- कोंडागांव- नथिया नवागांव- जगदलपुर- चित्रकूट- तीर्थगढ़ का विकास" की परियोजना को स्वीकृत किया गया है।

मंत्रालय ने प्रशाद योजना के अंतर्गत कुल 12.06 करोड़ रु. और 43.33 करोड रु. की निर्मुक्त राशि के साथ वर्ष 2020-21 में "मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगांव, दोनारगढ़, छत्तीसगढ़ के विकास" हेतु भी परियोजना स्वीकृत की है।

वर्तमान में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृति हेतु कोई परियोजना प्रस्ताव लंबित नहीं है।

*****